श्री राकेश सिन्हा (नाम-निर्देशित): उपसभाध्यक्ष महोदय, आज हम जिन तीन Codes के ऊपर विचार-विमर्श कर रहे हैं, the Code on Occupational Safety, Health and Working Conditions, the Industrial Relations Code and the Code on Social Security, वास्तव में इन तीनों Codes

को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता है। there is a symbiotic relationship among all these three Codes. एक कोड के प्रावधान को दूसरे कोड के प्रावधान के साथ ही देखा जाना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे आज दु:ख है। यह एक ऐतिहासिक अवसर है, जब भारत का सदन 60 करोड़ कामगारों के ऊपर एक विमर्श कर रहा है। यह महत्वपूर्ण इसलिए है कि वर्ष 1923, 1926, 1946, और 1952 में बने हुए कानूनों को फिर से review किया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि ये Codes सरकार अचानक संसद में लाई है। इनको पहले स्टैंडिंग कमिटी में भेजा गया था, उसके बाद उसकी 174 recommendations को स्वीकार किया गया। मैंने कहा, मुझे दु:ख है, उसका कारण है। जब 60 करोड़ कामगारों के ऊपर विमर्श हो रहा है, तो जो लोग सर्वहारा का नारा लगाते हैं, जो लोग समाज के हाशिये की बात करते हैं, समाजवाद की बात करते हैं, आज यदि वे इन कामगारों के जीवन, उनके भविष्य के बारे में हो रहे विमर्श में शामिल होते, तो इस ऐतिहासिक क्षण के वे भागीदार भी बनते और कामगार उन्हें सलाम करता, लेकिन दुर्भाग्य से आज वे सदन से बाहर हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस अवसर पर भारतीय मज़दूर आंदोलन के tallest leader, स्वर्गीय दत्तोपन्त ठेंगड़ी जी को याद करते हुए अपनी बात शुरू करता हूँ, क्योंकि संयोग से यह उनका जन्म-शताब्दी वर्ष भी है। उन्होंने नारा दिया था- 'labourise the industry, nationalize the labor और industrialize the nation'. उद्योगों का श्रमिकीकरण करना, श्रमिकों का राष्ट्रीयकरण करना और राष्ट्र का औद्योगीकरण करना। दत्तोपन्त ठेंगड़ी जी को नमन करते हुए मैं यह कहना चाहता हूँ कि प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अगुवाई में जो यह परिवर्तन हो रहा है, यह ऐतिहासिक सिर्फ इसलिए नहीं है कि इनमें कुछ प्रावधान बदले गए हैं। इसमें केवल प्रावधान ही नहीं, बल्कि अधिष्ठान बदला है। वह ऐसे बदला है कि आज तक जिसे Industrial Dispute Act कहा जाता था, उसके पीछे एक तर्क था। वह तर्क वर्ग संघर्ष का था, class struggle का था, जो सन् 1917 में "बोलशेविक क्रांति" से शुरू हुआ, कार्ल मार्क्स के सिद्धांत से शुरू हुआ और जिसमें यह बात सामने आई कि समाज में उद्योगपतियों और श्रमिकों के बीच में अंतर्निहित विरोधाभास है। इसलिए उनको सर्वहारा कहा गया, लेकिन प्रधान मंत्री श्री मोदी जी की अगुवाई में जो यह परिवर्तन हो रहा है, उस परिवर्तन में इसको इंडस्ट्रियल रिलेशन कोड कहा गया। इसमें संघर्ष नहीं, समन्वय है। उद्योग को भी एक परिवार के रूप में देखना और परिवार के रूप में देखते हुए राष्ट्र और अर्थव्यवस्था का विकास हो, यह इस कोड का अंतर्निहित मूल्य है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इसमें जो महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है, आज देश में ट्रेड यूनियन ऑर्गनाइज़ेशंस हैं, चाहे भारतीय मज़दूर संघ हो, जिसकी 62 लाख सदस्यता है, या CITU हो, जिसकी 34 लाख सदस्यता है या AITUC हो, जिसकी 26 लाख सदस्यता है, इस कोड ने एक महत्वपूर्ण बुनियादी परिवर्तन किया है। अब तक ट्रेड यूनियन संगठनों में लोकतांत्रीकरण का अभाव था, जिसके कारण ट्रेड यूनियन आंदोलन में कई तरह की विकृतियां, कई तरह के अंतर्विरोध थे, जिससे स्वयं ट्रेड यूनियंस परेशान थे। ये वह लोकतांत्रीकरण है कि अपने पदाधिकारियों का,

[श्री राकेश सिन्हा]

कार्यसमिति के सदस्यों का एक अंतराल के बाद चुनाव होना, आवश्यक ऑडिट होना, 10 प्रतिशत सदस्यता होना या किसी उद्योग प्रतिष्ठान में मिनिमम 100 सदस्य होना रजिस्ट्रेशन के लिए ज़रूरी कर दिया गया है। सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि ट्रेड यूनियन आंदोलन को एक स्वस्थ स्वरूप दिया गया है, जिसकी मांग स्वयं ट्रेड यूनियन के बीच से आयी थी, जिसे सरकार ने स्वीकार किया है। ये तीनों ही कोड्स भारतीय मज़दूर आंदोलन के लिए एक स्वर्णिम अवसर हैं। आज तक मज़दूरों की bargaining capacity, मोलजोल की ताकत नहीं थी, इन तीनों कोड्स ने मोलजोल की ताकत बढ़ा दी है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, ये कोड्स सर्वसमावेशी है, ये highly inclusive codes हैं। मैं इसका एक कारण बताना चाहता हूं। पूरे देश में जिन लोगों को औपनिवेशिक काल से चला आ रहा श्रम कानून address करता था, वे organized sector के workers थे। प्रकारांतर में औद्योगिक विकास की परिस्थितियों और संदर्भों के अनुसार जब unorganized sector के informal sector के workers हैं, informal economy है, उसकी संख्या 93 प्रतिशत हो गई। आज इस देश में 39.7 करोड़ informal workers हैं, यह डेटा अपने आप में प्रामाणिक नहीं है। ये तीनों ही कानून और इनमें दो जो मुख्य कानून हैं, वे सर्वसमावेशी इसलिए बना देते हैं कि इसमें informal sector को लेते हुए दो नई श्रेणियों को भी शामिल करता है, gig workers and platform workers. यह gig workers एक नया नाम है। ये वे श्रमिक हैं, जो नियोक्ता और श्रमिकों के संबंधों से परिभाषित नहीं होते हैं, ये उससे बाहर हैं। ओला चलाने वाले, ऊबर चलाने वाले और इस तरह से लाखों श्रमिक जो बाहर हैं, जिन पर श्रमिक कानून लागू नहीं होता था, श्रमिकों को मिलने वाला लाभ नहीं मिलता था, उन सब gig workers को शामिल किया गया है। इस देश में gig workers की संख्या 14 मिलियन है, जो एक करोड़ चालीस लाख के करीब है। कभी-कभी gig workers के अंतर्गत ही platform workers को रखा जाता है, लेकिन वे different हैं। इंटरनेट के कारण देश में ऐसे श्रमिकों की संख्या बढ़ी है, ऐसे काम करने वालों की संख्या बढ़ी है, जो ऑनलाइन काम करते हैं, जो पार्ट टाइम एक्टिविटीज़ करते हैं, जो अलग-अलग कंपनियों में assignment के आधार पर activities करते हैं और activities के अनुसार उनको परिश्रम का फल मिलता है, पारिश्रमिक मिलता है। ऐस workers को platform workers कहते हैं। इस कानून में, इस कोड में gig workers, platform workers, informal workers और organized sector के workers को समान दर्जा दिया गया है। जो कि एक ऐतिहासिक है, जो बुनियादी परिवर्तन की ओर संकेत करता है। लाखों, करोड़ों कामगार, जिनकी कोई आवाज नहीं थी, जहां तक ट्रेड यूनियन आंदोलन नहीं पहुंच पाया था, आज वे जहां कहीं भी होंगे, इस सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय के साथ, वे अपने आपको मज़बूती से इस अर्थव्यवस्था का मील स्तम्भ समझकर आज काम कर सकते हैं। उन्हें विश्वास होगा कि सरकार उनके दरवाजे तक पहुंची है। उन्हें वह अधिकार दिया गया है, जो अधिकार organized sector का हुआ करता था।

उपसभाध्यक्ष महोदय, ये तीनों कोड्स परिवर्तन की एक दिशा को इंगित करते हैं। वह विषय यह है, जब श्रमिक काम करता है, तो वह काम तो बराबर करता है, लेकिन उसको पारिश्रमिक बराबर नहीं मिलता है। इस देश में contract labour बढ़ा है उसका एक आंकड़ा है की 2001 मे contract labour की संख्या 15.7 प्रतिशत थी, जो 2015 में आकर 27.7 प्रतिशत हो गई। ये contract labour पूरी दुनिया में हैं। Contract workers को वही काम करने के लिए organized sector के workers से 60 per cent कम पारिश्रमिक मिलता था। उन contract labour के पारिश्रमिक में जो एक भिन्नता थी, जो भेदभाव था, इस कानून ने उसको समाप्त कर दिया। महोदय, मैं आपको याद दिलाना चाहूंगा कि इस देश में 1974 में ऐसी ही मांगों को लेकर ऐतिहासिक रेल हड़ताल हुई थी, जिसका नेतृत्व जॉर्ज फर्णांडिस जी ने किया था। 2 मई, 1974 को जॉर्ज फर्णांडिस को गिरफ्तार कर लिया गया। 3 मई को इसी हाउस में रूल 176 के अनुसार बहस करते हुए दत्तोपन्त ठेंगड़ी जी ने कहा था, Great problems came to them for solutions but they did not deal with them greatly. 70 सालों की शासन व्यवस्था में जो सरकारें रहीं, उन्होंने श्रमिक कानून को औपनिवेशिक अंदाज़ से देखा, class struggle के अंदाज़ से देखा और श्रमिकों का जो सशक्तिकरण था, वह नारों के बीच खोता रहा।

दूसरा जो महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है, वह social inclusiveness है, सामाजिक सर्वसमावेशीपन, अत: ये दोनों कोड महत्वपूर्ण उदाहरण हैं। महोदय, पूरे work force में 23.5 per cent महिलाएं हैं। इन 23.5 per cent महिलाओं में 90 per cent informal sectors में हैं। ऐसा पहली बार हुआ है कि इन तमाम महिलाओं को समान अधिकार, महिला श्रमिकों को वही अधिकार दिया है, जो पुरुष श्रमिकों को है। समान अवसर, समान कार्य-क्षेत्र, समान पारिश्रमिक, इसी कोड ने दुरुस्त करने का काम किया है, gender discrimination को पूरी तरह से यह कोड समाप्त करता है। महिला सशक्तिकरण में एक और महत्वपूर्ण पक्ष आया है, इन महिलाओं को जब वे कार्य-क्षेत्र में जाती थीं, तो पारिश्रमिक पुरुष श्रमिकों की तुलना में 34 प्रतिशत कम मिलता था। ये आंकड़े साइंटिफिक सर्वे के आधार पर आए हैं। आप उनके पारिश्रमिक में पूरी तरह से समानता स्थापित करके social egalitarian को श्रमिक कानून का अभिन्न हिस्सा और बुनियादी आधार बना दिया गया है। इसलिए मैं यह कहता हूं कि यह social dynamism और social inclusiveness दोनों ही कोड महत्वपूर्ण हैं।

महोदय, मैं अपनी अंतिम बात कहकर समाप्त करूंगा। इन तीनों कोड्ज़ में श्रमिकों को क्या लाभ रहा, मैं इसके तीन पक्ष रखना चाहूंगा। पहला- contractual labours को compulsorily अनिवार्य रूप से वे जब नौकरी के लिए, जॉब में जाते हैं, तो उन्हें नौकरी के लिए पत्र मिलेगा। यह देना आवश्यक होगा। अब कोई भी contractual labour किसी की mercy पर नहीं होगा। वह एक सशक्त श्रमिक बनकर काम करेगा। श्रमिक होने की quality अलग होगी, लेकिन उसका समान परिणाम उसके पास होगा। दूसरी बात यह है कि जो casual workers हैं, तो आज तक casual workers के बारे में श्रमिक संगठनों ने तो आवाज़ उठाई थी, लेकिन उतनी सशक्त आवाज़

[श्री राकेश सिन्हा]

नहीं उठी थी। साफ तौर पर कहा गया है कि एक वर्ष से अधिक यानी वर्षों तक casual workers को लगातार रखना यह unfair होगा।

महोदय, अंतिम बात जो मैं कहूंगा कि grievance redressal के लिए और जो informal sector के workers हैं, ये दो बड़े महत्वपूर्ण परिवर्तन हैं। Informal sector के workers का registration अब labour department नहीं करेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर बनी हुई कमेटी करेगी, digitalization होगा और ESI, EPF ये दोनों ही सुविधाएं इतनी बढ़ा दी गई हैं कि अब तक जो 566 districts में ESI आई थी, अब उसको 740 districts में पहुंचा दिया गया है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, अंत में मैं इस ऐतिहासिक अवसर पर यही कहूंगा कि नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने critical question को constructive रूप में देखा और conscious discussion के साथ उसको परिणाम तक पहुंचाया। पहले जो नारा दिया गया था कि "दुनिया के मज़दूरो - एक हो", तो अब उस नारे को बदलकर "मज़दूरो, दुनिया को एक करो" कर दिया गया है। इस अधिष्ठान परिवर्तन के साथ जो एक परिवर्तन हुआ है, उस परिवर्तन के लिए मैं श्रम मंत्री जी का, भारत के यशस्वी प्रधान मंत्री जी का अभिनन्दन करता हूं और भारत के 60 करोड़ श्रमिकों की ओर से सरकार को धन्यवाद देता हूं कि इस महत्वपूर्ण परिवर्तन को, इस ऐतिहासिक परिवर्तन को अंजाम दिया, धन्यवाद।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री; सूचना और प्रसारण तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री (श्री प्रकाश जावडेकर): उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे बहुत खुशी है कि भारत की आज़ादी के बाद 73 साल बीत चुके हैं, लेकिन मज़दूर जिस न्याय की प्रतीक्षा कर रहे थे, वह न्याय अब मिल रहा है। वेतन सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सुरक्षा, इन तीनों की गारंटी देने वाला यह बिल है। मैं इस ऐतिहासिक कदम के लिए प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और श्रम और रोजगार मंत्री श्री संतोष कुमार गंगवार जी दोनों का बहुत-बहुत अभिनन्दन करता हूं। केन्द्रीय श्रम कानूनों की संख्या 70 थी और उनमें मज़दूर उलझ गए थे। अब चार कोड बन गए, तो अब यह न्याय जल्दी और अच्छा मिलेगा। इसकी मुख्य विशेषताएं यह है कि सभी मज़दूरों को न्यूनतम मज़दूरी मिलेगी। इसकी गारंटी है। पहले यह गारंटी नहीं थी। सभी मज़दूरों को समय पर वेतन मिलेगा। पहले कहीं एक तारीख को मिलता था, कहीं पांच तारीख को मिलता था, कहीं सात तारीख को मिलता, कहीं दस तारीख को मिलता और कभी महीने के अंत में मिलता था। अब ऐसा नहीं कर सकते हैं। मज़दूरों को समय पर वेतन देना ही पड़ेगा। पुरुष एवं महिला मज़दूरों को समान वेतन मिलेगा और जैसा सिन्हा जी ने कहा कि हर मज़दूर को नियुक्ति पत्र मिलेगा। अब वह अनावरस नहीं रहेगा। उसको नियुक्ति पत्र मिलेगा। इसमें दो-तीन नई बातें हैं। हर साल हर मज़दूर का मुफ्त check-up किया जाएगा। यह मुफ्त check-up हेल्थ का बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। एक सबसे क्रांतिकारी कदम है, जिस पर लोगों का ध्यान नहीं गया। नौकरी छूटने पर जो ESIS और EPFO का सदस्य है, उसकी नौकरी जाने पर तीन महीने के लिए उसको आधी तनख्वाह मिलेगी।

पहली दफा देश में यह बदलाव आया है और यह बहुत महत्वपूर्ण बदलाव है। री-स्किलिंग किसी की नौकरी छूटने पर अगर फिर से काम नहीं मिलने वाला है, तो री-स्किलिंग, के लिए एक व्यवस्था की गई है कि उसको एक तरह से 15 दिन की तनख्वाह वाली छुट्टी देंगे। उसके साथ-साथ प्रवासी मज़दूर - जिनके बारे में इस सदन में पहले बहुत चर्चा हुई, प्रवासी मज़दूरों को हर साल एक बार घर जाने के लिए प्रवास भत्ता मिलेगा - जो मालिक होगा, उसको प्रवासी मज़दूरों को एक बार घर जाने के लिए भत्ता देना पड़ेगा। प्रवासी मज़दूर जहां काम करेगा, वहां उसे राशन मिलेगा। इसके अतिरिक्त असंगठित क्षेत्र के लिए सामाजिक सुरक्षा निधि का निर्माण होगा एवं महिला मज़दूरों को रात में काम करने की इजाज़त मिलेगी, लेकिन साथ में उनकी सुरक्षा और उनके लिए वाहन की व्यवस्था मालिक को करनी पड़ेगी। भवन निर्माण के मज़दूर कहीं भी जाएं, तो भी उन्हें भवन निर्माण निधि का फायदा मिलेगा। ESIS के अंतर्गत छोटे से contribution से ESIS के सभी दवाखानों और अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त ESIS के अस्पतालों का जिलों तक विस्तार किया जा रहा है। जैसे सिन्हा जी ने कहा, नयी तकनीक के जो मज़दूर हैं, उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त बागान के मज़दूरों को ESIS का लाभ मिलेगा। जहां पर दस से कम मज़दूर होंगे, उन संस्थानों को भी स्वेच्छा से ESIS से जोड़ने की सुविधा है। Tribunal में केस चलता था, न्याय नहीं मिलता था लेकिन अब वहां पर एक साल के अंदर उस केस का निर्णय होगा और एक साल में उन्हें न्याय मिलेगा, यह भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

महोदय, मैंने यह देखा कि ऐसी 50-60 चीज़ें हैं जो मज़दूरों के लिए पहली दफा हो रही हैं। इसलिए मुझे केवल इतना कहना है कि पचास करोड़ मज़दूरों के लिए, उन्हें ज्यादा मज़दूरी मिले, इसकी व्यवस्था करने वाला बिल और पचास करोड़ मज़दूरों को सामाजिक सुरक्षा, वेतन और सुरक्षा की गारंटी देने वाला बिल जब आया है, तब विपक्ष नदारद है क्योंकि जनता से वह कट चुका है, बहुत-बहुत धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you hon. Minister. Now, hon. Member and Minister, Shri Ramdas Athawale.

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामदास अठावले): आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आज जो बिल्स लाए गए हैं, ये बहुत क्रांतिकारी बिल्स हैं। आज जब लेबर के विषय पर चर्चा चल रही है उनके संबंध में बिल्स आ रहे हैं, इतने वर्षों तक जो उन्हें न्याय नहीं मिला था, वह न्याय देने का काम नरेन्द्र मोदी जी की सरकार कर रही है, तब मुझे बाबा साहेब अम्बेडकर जी की याद आती है। जब बाबा साहेब अम्बेडकर जी हमारे देश के लेबर मिनिस्टर थे, तब उन्होंने 12 घंटे की ड्यूटी को घटाकर 8 घंटे का किया था और महिलाओं को छुट्टी से संबंधित सुविधाएं तथा अन्य सुविधाएं देने का निर्णय लिया था। कांग्रेस के कार्यकाल में मज़दूरों की तरफ ध्यान नहीं दिया गया। माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारे माननीय संतोष गंगवार जी, जो श्रम और रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री हैं, वे अच्छे आदमी हैं, सीधे-सादे आदमी हैं,

[श्री रामदास अठावले]

वे जो बिल्स लेकर आए हैं, The Occupational Safety, Health And Working Conditions Code, 2020; The Industrial Relations Code, 2020 and The Code On Social Security, 2020 - ये जो तीन बिल्स हैं, ये मज़दूरों को न्याय देने वाले बिल्स हैं। मेरा केवल इतना सुझाव है कि जो contract system है, उसके संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने एक जजमेंट दिया है कि जो वर्क regular work होता है, उसे contract पर नहीं देना चाहिए, लेकिन बहुत जगह पर कम्पनी के मालिक contract पर लेबर रखते हैं, Municipality में भी contract पर लेबर रखते हैं और retirement तक उन्हें permanent नहीं किया जाता है, इसलिए contract system बंद करने के लिए भी एक नया कानून बनाने की आवश्यकता है। जो मज़दूर हैं, उनके लिए हेल्थ की सुविधा की हो, इसकी उन्हें बहुत आवश्यकता होती है। अगर कोई प्राइवेट अस्पताल में जाता है तो वहां पर वे 50,000 रुपए deposit मांगते हैं। सरकारी अस्पताल में जब वे जाते हैं तो वहां पर उन्हें इलाज तो मिलता है, लेकिन इस बिल के द्वारा मज़दूरों को हेल्थ की पूरी सुविधा देने का निर्णय लिया गया है, उन्हें social security देने का भी प्रावधान किया गया है। महोदय, जार्ज फर्णांडिस जी ने रेलवे में जो ट्रेड यूनियन बनायी थी, जब वे बीमार पड़ गए थे, तो उन्होंने मुझे जो उनकी रेल मज़दूर यूनियन थी, उसका राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। रेलवे में काम करने वाले मजदूरों को न्याय मिलना चाहिए, कंपनी में काम करने वाले मजदूरों को न्याय मिलना चाहिए, म्युनिसिपैलिटी में काम करने वाले मजदूरों को न्याय मिलना चाहिए, इसीलिए यह बिल आया है। मैं यह बताना चाहता हूं कि -

"जब मजदूरों को न्याय मिलेगा, तब देश गति से आगे चलेगा,
अब कंपनी का मालिक हिलेगा और मजदूरों को सही न्याय मिलेगा
मजदूरों के लाड़ले नेता हैं माननीय नरेन्द्र मोदी,
इसलिए उन्होंने छीन ली है कांग्रेस की सत्ता की गद्दी
गांव-गांव की बोल रही है मजदूर दादी,
प्रधान मंत्री के रूप में बहुत ही अच्छे हैं नरेन्द्र मोदी।"

प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी एक अच्छे इंसान हैं, सबके बारे में सोचने वाले इंसान हैं। इसीलिए मैं इतना ही बताना चाहता हूं कि -

"जिनको मजदूरों का बहुत ही मिल रहा है प्यार,
उनका नाम है लेबर मिनिस्टर संतोष गंगवार
माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने लिया है सभी मजदूरों का अपने ऊपर भार,
इसलिए मोदी साहब को सारे देश के मजदूर करते हैं प्यार
इस बिल को यहां रखने वाले श्री संतोष गंगवार जी हैं आदमी सोबर,
इसीलिए उन्हें डिपार्टमेंट मिला है लेबर।
सभी लेबर को न्याय देने की गंगवार जी में है हिम्मत,
इसलिए हम सब लोग मिलकर उनको देते हैं एक हिम्मत।"

हमारे लेबर मिनिस्टर जो तीन बिल लाए हैं, वे बहुत इंपॉर्टेंट हैं। कॉन्ट्रेक्ट लेबर को, सभी लेबर को न्याय देने का यह बिल है और मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

"आज मेरा भर गया है मन,
मैं तीनों बिलों का करता हूं समर्थन।"

मैं ज्यादा वक्त न लेते हुए, इन तीनों बिल्स का सपोर्ट करता हूं, जय भीम, जय भारत।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Now, the hon. Minister.

श्रम और रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): उपसभाध्यक्ष जी, मैं सदन में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करना चाहूंगा। हमारे साथियों ने यहां पर अपनी बातें रखीं। आदरणीय प्रकाश जावडेकर जी ने अपनी बात रखी और अभी भाई रामदास अठावले जी बोल रहे थे। श्री राकेश सिन्हा जी ने महत्वपूर्ण बातें बताई हैं और आर.सी.पी. सिंह जी ने भी मजदूरों के संदर्भ में बातें बताई हैं। मुझे ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस गैर-हाजिर है, यह कोई नई बात नहीं है। अगर हम थोड़ा सा पीछे जाएं, तो 2003 में, उस समय के संदर्भ में, यह तय हुआ था कि लेबर की एक कमेटी थी, उसने बताया था कि जो 44 श्रम कानून हैं, इनको कम किया जाए और चार या पांच बनाए जाएं। 2003-04 के बाद, 2014 में यह प्रक्रिया अमल में आई और आदरणीय मोदी जी जब प्रधान मंत्री बने तब उन्होंने चिंता की और इस बात पर ध्यान दिया कि ये महत्वपूर्ण सुझाव थे, लेकिन तब भी कांग्रेस ने मजदूरों की चिंता नहीं की थी। मुझे ध्यान है कि मजदूरों के संदर्भ में बात करने के लिए मजदूर संगठनों से, उद्योगों के स्वामियों से और इसके साथ सभी राज्यों की सरकारों से एक लंबी चर्चा करनी पड़ती है। इस प्रक्रिया में समय लगता है। इस लोक सभा के पहले सत्र में, हमने पहला बिल कोड ऑन वेजेज़ पास किया था और बाकी तीन बिल आज यहां पर आपके बीच में रखे हुए हैं। मैं आज यहां पर भाग लेने वाले अपने सदस्यों को धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने यहां पर महत्वपूर्ण बातें रखी हैं और आग्रह करूंगा कि वास्तव में जो बातें आपने बताई हैं, जो सोच आपने यहां पर रखी है, श्रम मंत्रालय इस बात को समझ रहा है और जो हम लोग परिवर्तन लेकर आए हैं, वह सबकी समझ में आ रहा है। हमारी सरकार सदैव से श्रमेव जयते के सिद्धांत को मानती है। एक श्रमिक के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सरकार संकल्पित है। इसी उद्देश्य से हम अपने श्रमिकों को बेहतर सुरक्षा, काम करने के वातावरण की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा तथा त्वरित विवाद एवं निपटारा प्रणाली देने के लिए सदैव प्रयासरत रहे हैं। हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने कार्यकाल के आरम्भ में ही यह स्वीकार कर लिया था कि जितना महत्व "सत्यमेव जयते" का है, उतना ही महत्व राष्ट्र के विकास के लिए "श्रमेव जयते" का है। इसलिए हमारी सरकार का यह प्रयास रहा है कि अपने श्रमिक को श्रमयोगी बनाते हुए उनके जीवन को सहज बनाने की कोशिश की जाए और इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए पिछले छह वर्षों में जो प्रयास किए गए हैं, वे हम सब की जानकारी में हैं, जैसे असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों और छोटे व्यापारियों को पेंशन देना,

[श्री संतोष कुमार गंगवार]

महिलाओं को आत्मनिर्भर करने की दिशा के साथ-साथ मातृत्व अवकाश को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह करना, EPF तथा ESIC का दायरा बढ़ाना, विभिन्न कल्याणकारी सुविधाओं की पोर्टेबिलिटी सुनिश्चित करने का प्रयास करना, न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाना है। ये कुछ बातें मैंने आपके सामने रखी हैं। इसी क्रम में श्रम सुधारों की प्रक्रिया भी 2014 में जो आरम्भ की गई है, इसका उद्देश्य यह है कि अनेक श्रम कानूनों को समाहित कर, उनको सरलीकृत रूप से चार लेबर कोड में परिवर्तित किया जाए। श्रम सुधारों का उद्देश्य यह है कि अपने श्रम कानूनों को बदलते हुए कार्य के अनुरूप किया जाए तथा श्रमिकों और उद्योगों की आवश्यकताओं के बीच संतुलन बनाते हुए एक प्रभावी और पारदर्शी व्यवस्था दी जाए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, स्वतंत्रता के 73 वर्षों की इस यात्रा में आज के नये भारत का वातावरण, तकनीकी दौर, काम करने का तरीका तथा काम के स्वरूप में अत्यधिक परिवर्तन हो गया है। इस परिवर्तन के साथ भारत यदि अपने श्रम कानूनों में अपेक्षित परिवर्तन नहीं करता है, तो हम श्रमिकों के कल्याण तथा उद्योगों के विकास दोनों ही उद्देश्यों में पीछे रह जायेंगे। आत्मनिर्भर श्रमिक के कल्याण और अधिकारों की संरचना चार स्तम्भों पर आधारित है। सर्वप्रथम आत्मनिर्भर श्रमिक का पहला स्तम्भ यानी वेतन सुरक्षा की बात करें, तो स्वतंत्रता के 73 वर्षों के बाद भी और 44 श्रम कानून होने के बाद भी, भारत के 50 करोड़ श्रमिकों में से लगभग 30 प्रतिशत श्रमिकों को ही न्यूनतम मजदूरी का कानूनी अधिकार था तथा सभी श्रमिकों को समय पर वेतन नहीं दिया जाता था। इस विसंगति को पहली बार हमारी सरकार ने दूर करने का काम किया है तथा सभी 50 करोड़ संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी और समय पर वेतन मिलने का कानूनी अधिकार दिया है। श्रमिक सुरक्षा का दूसरा महत्वपूर्ण स्तम्भ है- उसे काम करने के लिए सुरक्षित वातावरण देना, जिससे उसके स्वास्थ्य की सुरक्षा हो सके और वह एक खुशहाल जीवन जी सके। इसके लिए OSH code में पहली बार एक निश्चित आय के ऊपर के श्रमिकों के लिए एनुअल हैल्थ चैक-अप का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त सुरक्षा से संबंधित स्टैंडर्ड्स को प्रभावी और गतिशील रखने के लिए उन्हें National Occupational Safety and Health Code के द्वारा बदलती हुई तकनीक के साथ-साथ बदला जा सकेगा। यह Code एक त्रिपक्षीय संस्था होगी, जिसमें केन्द्र एवं राज्य सरकार, श्रमिक संगठन, एम्प्लॉयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि होंगे। इसके अतिरिक्त इस क्षेत्र के विशेषज्ञ भी इसमें शामिल होंगे। इस प्रक्रिया में हमारे सुरक्षा स्टैंडर्ड अधिक प्रभावी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के होंगे। सुरक्षित वातावरण देने के लिए श्रमिक और एम्प्लॉयर साथ मिलकर निर्णय लें, इसके लिए सभी संस्थानों में सेफ्टी कमेटी का प्रावधान किया गया है। वर्तमान श्रम कानूनों में कैंटीन, creche, फर्स्ट-एड तथा अन्य कल्याणकारी सुविधाओं के लिए अलग-अलग threshold दिए गए हैं। अब OSH Code में हमने इन सभी के लिए uniform threshold देने का कार्य किया है, जिससे ज्यादा से ज्यादा श्रमिक कल्याणकारी प्रावधानों का लाभ उठा सकें। श्रमिकों की यह समस्या रही है कि वे कई परिस्थितियों में यह सिद्ध नहीं कर पाते

हैं कि वे किस संस्थान के श्रमिक हैं। इस समस्या के निदान के लिए इस code के माध्यम से हर श्रमिक को नियुक्ति-पत्र का कानूनी अधिकार दिया गया है। वर्तमान में कृषि श्रमिक को एक वर्ष में न्यूनतम 240 दिन का काम करने के बाद ही, हर बीस दिन पर एक दिन की छुट्टी पाने का अधिकार मिलता है, लेकिन हमने OSH Code में छुट्टी की पात्रता के लिए 240 दिन की न्यूनतम अर्हता को घटाकर 180 दिन कर दिया है।

महोदय, कार्यस्थल पर चोट लगने या मृत्यु हो जाने पर employer के ऊपर लगने वाले जुर्माने का कम से कम 50 प्रतिशत अन्य लाभों के अतिरिक्त पीड़ित व्यक्ति को देने का प्रावधान पहली बार कानून में किया गया है। इससे पहले यह नहीं मिलता था। इन सभी प्रावधानों के द्वारा श्रमिकों को कार्य करने के लिए एक सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया गया है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, महिलाओं को पुरुषों के समान ही कार्य करने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए, तभी हम बेहतर भारत का निर्माण कर पाएंगे, इसलिए हमने पहली बार यह प्रावधान किया है कि महिलाएं किसी भी प्रकार के संस्थान में अपनी स्वेच्छानुसार रात में भी काम कर सकेंगी, परंतु इसके लिए नियोक्ता को सरकार द्वारा निर्धारित सभी उपयुक्त आवश्यक सुरक्षा प्रबंध करने पड़ेंगे।

महोदय, श्रमिकों के लिए तीसरा महत्वपूर्ण स्तंभ है व्यापक सामाजिक सुरक्षा। हमारी सरकार का संकल्प है कि हम अपने श्रमिकों के लिए एक universal social security प्रणाली की व्यवस्था करें। इसी संकल्प के अनुरूप Social Security Code में ESIC और EPFO के दायरे को बढ़ाया जा रहा है। ESIC के दायरे को बढ़ाने के लिए यह प्रावधान किया गया है और अब इसकी coverage देश के सभी 740 जिलों में होगी। इसके अतिरिक्त ESIC का विकल्प बागान श्रमिक, असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिक, गिग तथा प्लेटफॉर्म वर्कर्स तथा दस श्रमिकों से कम श्रमिक वाले संस्थानों के लिए भी होगा। यदि किसी संस्थान में जोखिम कार्य होता है, तो उस संस्थान को एक श्रमिक होने पर भी अनिवार्य रूप से ESIC के दायरे में लाया जाएगा। इसी प्रकार से EPFO के दायरे को बढ़ाने के लिए वर्तमान कानून में संस्थानों के schedule को हटा दिया गया है और अब वे सभी संस्थान, जिनमें बीस या उससे अधिक श्रमिक हैं, वे EPFO के दायरे में आएंगे। इसके अतिरिक्त बीस से अधिक श्रमिक वाले संस्थान तथा स्वरोजगार वाले श्रमिकों के लिए भी EPFO का विकल्प Social Security Code में दिया जा रहा है। असंगठित क्षेत्र के 40 करोड़ श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए विशेष रूप से सामाजिक सुरक्षा फंड का प्रावधान किया गया है। इस फंड के द्वारा असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिक और गिग व प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा की योजनाएं बनाई जाएंगी। इससे इन 40 करोड़ श्रमिक भाई-बहनों को सामाजिक सुरक्षा से संबंधित सभी प्रकार के लाभ, जैसे मृत्यु बीमा, दुर्घटना बीमा, मातृत्व लाभ और पेंशन इत्यादि प्रदान करने के लिए योजनाएं बनाई जाएंगी। इन प्रयासों के द्वारा हमने अपने एक universal social security coverage के संकल्प को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

1.00 P.M.

[श्री संतोष कुमार गंगवार]

महोदय, औद्योगिक विकास के लिए यह आवश्यक है कि हम विवाद निस्तारण की एक प्रभावी प्रणाली अपने श्रमिकों को उपलब्ध करवाएं, जिससे औद्योगिक शांति सुनिश्चित हो सके। इस चौथे स्तंभ को देने के लिए आई.आर. कोड के अंतर्गत एक व्यवस्थित विवाद निस्तारण प्रणाली की व्यवस्था की गई है, जिसके अंतर्गत हमने industrial tribunal की व्यवस्था को मजबूत बनाया है। मैं यहाँ पर माननीय सदस्यों को यह भी स्पष्ट करना चाहूंगा कि आईआर कोड में परिभाषाओं को वर्तमान की तुलना में और ज्यादा सुदृढ़ किया गया है। उदाहरण के लिए workers की परिभाषा में शामिल supervisor की वेतन सीमा को 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये कर दिया गया है। इस बदलाव से आज के मुकाबले कई ज्यादा सुपरवाइज़र्स आई.आर. कोड की परिधि में आएंगे। मैं यह भी स्पष्ट करना चाहूंगा कि अन्य श्रेणी के श्रमिकों के लिए कोई वेतन सीमा नहीं है। Fixed term employment को आई.आर. कोड में लाने पर मैं यह बताना चाहूंगा कि वर्तमान में वे संस्थान अपनी आवश्यकतानुसार श्रमिकों को कम समय के लिए contract labour के रूप में रखते हैं, लेकिन उन्हें नियमित कर्मचारी की भाँति सेवा शर्तें, जैसे छुट्टी, वेतन, सामाजिक सुरक्षा, ग्रेच्युटी इत्यादि नहीं मिल पाती है। एक संतुलन बनाते हुए हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि fixed term employment की सेवा शर्तें वेतन, छुट्टी एवं सामाजिक सुरक्षा भी एक regular employee के समान ही होंगी। ...**(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा): माननीय मंत्री जी, एक मिनट रुकिए। अभी एक बज चुका है। मैं माननीय संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री से request करूँगा कि वे अपनी opinion दें।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS; AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI V. MURALEEDHARAN): Mr. Vice-Chairman, Sir, I propose that the House may be extended to dispose of the today's Business. Therefore, we may extend the House till the Business is disposed of. I would also like to make an announcement that lunch arrangements have been made for the hon. Members of Parliament in Room Nos.70 and 73. They may have the lunch in Room No.70/73.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Is it the sense of the House to continue till the disposal of today's Business?

SOME HON. MEMBERS: Yes, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Hon. Minister, please continue.

श्री संतोष कुमार गंगवार: उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं I.R. Code में strike के प्रावधानों पर भी बताना चाहूँगा कि सरकार ने किसी भी श्रमिक के strike पर जाने के अधिकार को वापस नहीं लिया है। Strike पर जाने से पहले 14 दिन के नोटिस पीरियड की बाध्यता हर संस्थान पर इसलिए लागू की गई है, जिससे इस अवधि में सौहार्द्रपूर्ण बातचीत के माध्यम से विवाद को समाप्त करने का प्रयास किया जा सके। श्रमिकों के strike पर जाने से न तो श्रमिकों का और न ही इंडस्ट्री का कोई लाभ होता है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जहाँ तक I.R. Code में retrenchment, closure या lay-off में threshold को 100 श्रमिक से बढ़ा कर 300 श्रमिक करने की बात है, तो मैं यह बताना चाहूँगा कि 'श्रमिक' समवर्ती सूची का विषय है और सम्बन्धित राज्य सरकारों को भी अपनी परिस्थितियों के अनुरूप श्रम कानूनों में परिवर्तन करने का अधिकार है। इसी अधिकार का उपयोग करते हुए 16 राज्य पहले ही अपने यहाँ यह सीमा बढ़ा चुके हैं। Parliamentary Standing Committee ने भी यह अनुशंसा की थी कि इस सीमा को बढ़ा कर 300 कर दिया जाए। इसके अतिरिक्त इस प्रावधान का एक पक्ष यह भी होता है कि ज्यादातर संस्थान 100 से अधिक श्रमिकों को अपने संस्थान में नहीं रखना चाहते हैं, जिससे अनौपचारिक रोजगार को बढ़ावा मिलता है। Economic Survey, 2019 के अनुसार राजस्थान राज्य में इस threshold को 100 से 300 करने के उपरांत बड़ी फैक्टरियों की संख्या के साथ-साथ श्रमिकों के रोजगार सृजन में बढ़ोतरी हुई है तथा छँटनी के मामले में अभूतपूर्व कमी आई है।

उपसभाध्यक्ष (डा. सस्मित पात्रा): माननीय मंत्री जी, आप कृपया मास्क चढ़ा लें।

श्री संतोष कुमार गंगवार: उपसभाध्यक्ष महोदय, इससे यह स्पष्ट होता है कि इस एक प्रावधान के बदलने से निवेशक देश में बड़ी-बड़ी फैक्टरियों को स्थापित करने के लिए प्रेरित होंगे और ज्यादा संख्या में बड़ी फैक्टरियों के स्थापित होने से हमारे देश में श्रमिकों के लिए रोजगार के कहीं ज्यादा अवसर उत्पन्न होंगे।

उपसभाध्यक्ष महोदय, श्रमिकों को संस्थानों में उनके अधिकार दिलवाने में ट्रेड यूनियंस एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके इस योगदान को स्वीकार करते हुए कानून में पहली बार ट्रेड यूनियन को संस्थान के स्तर पर, राज्य के स्तर पर तथा केन्द्र के स्तर पर मान्यता दी जा रही है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, यदि किसी भी श्रमिक की नौकरी छूट जाती है, तो दोबारा उसके रोजगार की संभावना बढ़ाने के उद्देश्य से I.R. Code में पहली बार re-skilling fund का प्रावधान किया गया है। इन श्रमिकों को इसके लिए 15 दिन का वेतन दिया जाएगा।

उपसभाध्यक्ष महोदय, कोविड-19 के परिदृश्य में प्रवासी श्रमिकों के अधिकारों को सुदृढ़ करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। प्रवासी श्रमिकों की परिभाषा को व्यापक बनाया गया है।

[श्री संतोष कुमार गंगवार]

अब सभी मजदूर, जो एक राज्य से दूसरे राज्य में आते हैं और उनका वेतन 18 हजार रुपए से कम है, तो वे प्रवासी श्रमिक की परिभाषा के दायरे में आएँगे और उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल पाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रवासी श्रमिकों के लिए एक database बनाने का प्रावधान, उनकी कल्याणकारी योजनाओं की portability, एक अन्य helpline की व्यवस्था तथा उन्हें साल में एक बार अपने मूल स्थान पर जाने के लिए employer द्वारा यात्रा भत्ता दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, चूँकि श्रमिक और उद्योग, दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं, इसलिए बदलते परिवेश में हमारे श्रमिक और उद्योगों की आवश्यकताओं में संतुलन होना चाहिए। इन labour codes में जहाँ एक तरफ श्रमिकों के अधिकारों को सुदृढ़ करने का प्रयास किया गया है, वहीं दूसरी तरफ उद्योगों को सरलता से चलाने के लिए एक सरल अनुपालन की व्यवस्था भी की गई है। अब उद्योग लगाने के लिए विभिन्न श्रम कानूनों के अंतर्गत अलग-अलग कई रजिस्ट्रेशन या कई लाइसेंस देने की आवश्यकता नहीं होगी। जहां तक सम्भव है, अब हम रजिस्ट्रेशन, लाइसेंस इत्यादि को समयबद्ध सीमा में, ऑनलाइन प्रक्रिया के अंतर्गत प्रदान करने की व्यवस्था करने जा रहे हैं।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, हमने कई विस्तृत विषयों पर कानून न रख कर नियम बनाने का प्रावधान किया है। मैं स्पष्ट करना चाहूंगा कि बदलते हुए समय के साथ-साथ सहजता के साथ काम करने के लिए आवश्यक है कि कानून में flexibility रहे। ...(**व्यवधान**)... उदाहरण के लिए आज 'Factories Act' and 'Building and other Construction Act' में छोटे से छोटे specifications को भी ऐक्ट में ही रखा गया है, जिसके कारण समय के साथ-साथ उनका बदलाव कठिन हो जाता है। इसी प्रकार कई परिभाषाओं में वेतन सीमा को उसी कानून में होने के कारण, आर्थिक स्थिति बदलने के बावजूद भी कई वर्षों तक आसानी से बदला नहीं जा सका है, इसलिए कानून में बदलते परिदृश्य के सापेक्ष flexibility रखना उचित है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह भी स्पष्ट करना चाहूंगा कि appropriate Government की परिभाषा में किसी भी प्रकार राज्य सरकार के अधिकारों को सीमित नहीं किया गया है, बल्कि कई प्रावधानों में राज्य सरकारों को यह flexibility दे दी गई है कि वे अपने राज्य की स्थिति के अनुसार विभिन्न प्रावधानों में सरलता से परिवर्तन ला सकें।

उपसभाध्यक्ष महोदय, इस प्रकार इन चार Labour Codes के माध्यम से एक तरफ तो हम श्रमिकों का कल्याण सुनिश्चित कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ हमारा यह प्रयास भी है कि एक सरल अनुपालन व्यवस्था के माध्यम से नये उद्योगों का विकास हो, जिससे हमारे कार्यबल के लिए रोज़गार के नये अवसर पैदा हों। मैं आशा करता हूं कि सरकार के इन प्रयासों में आप सभी माननीय सदस्य सर्वसम्मति से समर्थन देने की कृपा करेंगे और यह जो ऐतिहासिक बिल हम पास करने जा रहे हैं, उसमें हम सब मिल कर भागीदार बनेंगे, आप सबका बहुत-बहुत धन्यवाद। जय हिन्द!

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Thank you, Mr. Minister. Firstly, I shall take up the Occupational Safety, Health and Working Conditions Code, 2020.

The question is:

"That the Bill to consolidate and amend the laws regulating the occupational safety, health and working conditions of the persons employed in an establishment and for matters connected therewith or incidental thereto, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): We shall now take up Clause-by-Clause consideration of the Bill.

Clauses 2 to 143, the First Schedule, the Second Schedule and the Third Schedule were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Now, the Minister to move that the Bill be passed.

SHRI SANTOSH KUMAR GANGWAR: Sir, I move:

"That the Bill be passed.

The question was put and the motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): We shall now take up the Industrial Relations Code, 2020.

The question is:

"That the Bill to consolidate and amend the laws relating to Trade Unions, conditions of employment in industrial establishment or undertaking, investigation and settlement of industrial disputes and for matters connected therewith or incidental thereto, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): We shall now take up Clause-by-Clause consideration of the Bill.

Clauses 2 to 104, the First Schedule, the Second Schedule and the Third Schedule were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Now, the Minister to move that the Bill be passed.

SHRI SANTOSH KUMAR GANGWAR: Sir, I move:

That the Bill be passed.

The question was put and the motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): I shall now put the motion regarding consideration of The Code on Social Security, 2020.

The question is:

"That the Bill to amend and consolidate the laws relating to social Security with the goal to extend social security to all employees and workers either in the organised or unorganised or any other sectors and for matters connected therewith or incidental thereto, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): We shall now take up Clause by Clause consideration of the Bill.

Clauses 2 to 164 and the First to Seventh Schedules were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Now, the Minister to move that the Bill be passed.

SHRI SANTOSH KUMAR GANGWAR: Sir, I move:

That the Bill be passed.

The question was put and the motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Now we take up the Jammu and Kashmir Official Languages Bill, 2020. Shri G. Kishen Reddy to move a Motion for consideration of the Jammu and Kashmir Official Languages Bill, 2020.

The Jammu and Kashmir Official Languages Bill, 2020

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI G. KISHAN REDDY): Sir, with your permission, on behalf of my senior colleague, Shri Amit Shah, I move:

> "That the Bill to provide for the languages to be used for the official purposes of the Union Territory of Jammu and Kashmir and for matters connected therewith or incidental thereto, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

The question was proposed.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Mr. Minister, do you want to say something?

SHRI G. KISHAN REDDY: Sir, I will speak after the Members speak.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. SASMIT PATRA): Now, Shri Shamsher Singh Manhas to speak in Dogri.

SHRI SHAMSHER SINGH MANHAS (Jammu and Kashmir): * Sir, this Bill that has been brought here by the Hon'ble Prime Minister and the Hon'ble Home Minister. In Jammu & Kashmir, only Urdu and English were the languages till now; these two languages were used in J&K till now. However, if we analyse the period since 1947, if we look at traditions of this region, their culture, their lifestyles, then we feel that more languages should have been included as official languages but it was not done and because it was not done so, it resulted in various problems there. If in 1947 and until now, these languages would have included as official languages properly, then many such problems would not have arisen there. Sir, in 1885 and even prior to it, Persian language was spoken and written in Jammu & Kashmir. Persian was the dominant language there and Urdu was nowhere. Similarly, Kashmiri language was also not enjoying any status. Subsequently, Persian was converted and replaced by Urdu and the real languages of Kashmir *i.e.* Kashmiri was totally ignored. After ignoring Kashmiri,

---

* English translation of the original speech made in Dogri.